आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 07.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर किसान कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जनअभियान के तहत जल संरक्षण के विविध कार्यक्रम आयोजित ।
- ईद–उल–अज़हा देश भर में धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- राज्य के कई हिस्सों में फिर बढा तापमान –कल से बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं लू चलने के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह साल पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की समृद्धि के लिए किए गए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिश्चित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

000

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। पिछले ग्यारह वर्षों में, भारत ने कृषि क्षेत्र में शानदार प्रगति की है। इस दौरान कृषि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। वर्ष 2013–14 में यह 28 हज़ार करोड़ रुपये था जो वर्ष 2024–25 में एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि 11 करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा में भी सुधार हुआ है। इन वर्षों में गेहूं, धान, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोलर पंपों के लिए पीएम–कुसुम और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में मजबूती और स्थिरता को बढ़ावा मिला है। दूध उत्पादन में 63 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जिससे भारत दुनिया का शीर्ष डेयरी उत्पादक देश बन गया है।

प्रदेश में भी किसानों को एनडीए सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिला है।

000

कृषि मंत्रालय और कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से चलाये जा रहे कृषि संकल्प अभियान के तहत जैसलमेर में किसान–वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम रखा गया। अभियान के तहत जिले के भणियाणां, दांतल, पन्नासर, भोखोडाई, रातडिया और सांकरिया गांवों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को खेती की नई–नई तकनीकों की जानकारी देकर कृषि में नवाचार को बढाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

000

प्रदेश में चल रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जनअभियान के तहत जल संरक्षण के विविध कार्य किये जा रहे हैं। आज बालोतरा जिले की समदड़ी पंचायत समिति की लालाना ग्राम पंचायत के मांगला में तालाब पर श्रमदान किया गया। इस अवसर पर लोगों ने गांव के तालाब से मिट्टी निकाली और पौधा रोपण किया गया। वहीं झुंझुनूं में अभियान के तहत श्री गोपाल गौशाला में वर्षा जल संरक्षण के लिए बनाए गए दो स्ट्रक्चरों का लोकार्पण पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने किया। वहीं बाड़मेर जिले में भी अभियान के तहत विभिन्न गौशालाओं में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बालोतरा की रिछोली ग्राम पंचायत के रेतीले धोरो में विभाग ने एक बगीचा तैयार किया है। रेतीले धोरो के बीच बने इस बगीचे में आंवला, शीशम, बेर, अनार और नीबू के पौधे तैयार किये गये हैं।

पिछले तीन सालों की मेहनत के बाद अब यह बगीचा सबको सुकुन दे रहा है। जल ग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वन्दे गंगा जल संरक्षण जनअभियान के तहत 37 लाख की लागत से बने इस बगीचे में ड्रिप सिस्टम के माध्यम से सिंचाई हो रही है।

.

000

देशभर में आज ईद–उल–अजहा धार्मिक आस्था और उत्साह से मनाया जा रहा है। लोगों ने आज सुबह ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की और एक दूसरे को बधाई दी। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में ईद–उल–अज़हा को लेकर विशेष उत्साह बना हुआ है। इस बीच प्रशासन ने बकरा ईद पर दी जाने वाली कुर्बानी को लेकर लोगों से आग्रह किया है कि वे खुले में कुर्बानी ना करें और इनके वीडियो भी वायरल करने से बचें। जयपुर में आज ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में अदा की गई। सवाईमाधोपुर, झालावाड़ और चित्तौडगढ़ में भी ईद के पर्व पर विशेष नमाज अदा की गई और लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत ने कानून के शासन, वैश्विक सहयोग और विश्व मंच पर वार्ता की जरूरत का हमेशा समर्थन किया है। ब्राजील के ब्रासिलिया में ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के बाद श्री बिरला ने बताया कि ब्रिक्स देशों के बीच संसदीय सहयोग मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की।

श्री बिरला ने बताया कि अगला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होगा।

000

आरएएस 2024 के अभ्यर्थियों का जयपुर में राजस्थान विश्विद्यालय के बाहर पिछले तीन दिन से धरना जारी है। कल से कुछ अभ्यर्थियों ने अनशन भी शुरू कर दिया। ये अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाने और वार्षिक परीक्षा कैलेंडर की मांग को लेकर  आंदोलन कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर ये अभ्यर्थी विधायकों, सांसदों और राज्य सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात कर रहे हैं। आरएएस अभ्यर्थी दशरथ शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि अभी आरएएस 2023 का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है ऐसे में आरएसएस 2024 की मुख्य परीक्षा कराना न्यायोचित नहीं है।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनिये योग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप सारण का संदेश।

**000**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद तापमान में फिर से बढोतरी होने लगी है। हनुमानगढ़ में आज सुबह से तेज गर्मी और लू के असर से जनजीवन पर असर पड़ा है। वहीं सवाईमाधोपुर में भी तेज गर्मी से दिन में बाजार सूने नजर आये। तेज गर्मी को देखते हुए परिन्दों को राहत प्रदान करने के लिए सामाजिक संगठन जुटे हुए हैं। वहीं भरतपुर में तेज गर्मी को देखते हुए सामाजिक संगठनों ने पार्क में पक्षियों के लिए परिण्डों और आवास की व्यवस्था की है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। अगले दो–तीन दिनों में अधिकतर स्थानों पर तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढोतरी होने का पूर्वानुमान है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल से अगले तीन दिन बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हीटवेव चलने के आसार हैं। बीकानेर संभाग और आस पास के क्षेत्रों में धूलभरी हवाएं भी चल सकती है।

000

राज्य सरकार के निर्देश पर प्रदेश के अस्पतालों में रोगियों और परिजनों को कतार से मुक्ति दिलाने के लिए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। फिलहाल जयपुरिया और कांवटिया अस्पताल में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किए गए इस सिस्टम के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने आज सुबह जयपुरिया और कांवटिया अस्पताल का दौरा कर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में ओपीडी काउंटर पर पहुंचकर क्यू मैनेजमेंट सिस्टम से होने वाली रोगी पंजीकरण की प्रक्रिया को देखा।

000

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की सभी ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म को भ्रामक और अनुचित व्यापार में शामिल नहीं होने की सलाह दी गयी है। प्राधिकरण ने एक परामर्श में कहा है कि ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्मस 3 महीने के भीतर स्वयं निरीक्षण करें और अनुचित पद्धतियों का पता लगाए। प्राधिकरण ने कुछ मामलों में ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्मस को अनुचित व्यापारिक तरीकों की रोकथाम के दिशा–निदेर्शों का उल्लंघन करने के मामले में नोटिस भी जारी किए हैं। दिशा निदेर्शों के उल्लघंन के मामलों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

000